TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

# 2024

# Teachers of Bihar
*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

F r i d a y

## 17 मई

1. **विश्व दूरसंचार दिवस–** विश्व दूरसंचार दिवस मनाने की शुरूआत 17 मई 1865 ई. को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ की स्थापना की स्मृति में हुई थी। इस दिन इंटरनेशनल टेलीग्राफ यूनियन की स्थापना भी की गई थी। वर्तमान समय में इंटरनेट तथा दूरसंचार प्रौद्योगिकियों के महत्ता की जागरूकता बढ़ाने के लिए इसे मनाया जाता है।
   - **संदर्भः** कक्षा सात के नागरिक की पुस्तक **'सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन भाग 2' के अध्याय 6** से जोड़कर चर्चा करें।
2. **कन्नौज की लड़ाई–** 17 मई, 1540 ई. को बिलग्राम अथवा कन्नौज की युद्ध में शेरशाह ने हुमायूँ को एक बार पुनः परास्त कर दिया। इस युद्ध के बाद शेरशाह ने बड़ी आसानी से दिल्ली और आगरा पर अधिकार कर लिया। इस युद्ध के बाद हुमायूँ भाग कर सिन्ध चला गया, जहाँ 15 वर्ष (1540–1555 ई0) के निर्वासन काल में उसने घुमक्कड़ों का जीवन बिताया।
   - **संदर्भः** वर्ग सात की इतिहास की पाठ्यपुस्तक **'अतीत से वर्तमान भाग 2' के अध्याय 4** से जोड़कर बच्चों से चर्चा करें।
3. **भारत की खोज–** पुर्तगाल के वास्कोडागामा ने 1498 ई. में यूरोप से भारत का एक नया और पूरा का पूरा समुद्री रास्ता खोज निकाला। वह 'आशा अंतरीप' (केप ऑफ गुड होप) होता हुआ 17 मई, 1498 ई. को भारत के पश्चिमी मालाबार तट पर स्थित कालीकट पहुँचा। उस समय कालीकट का राजा जमेरिन था, जो हिन्दू था। उसने वास्कोडिगामा का स्वागत किया और पुर्तगालियों को व्यापार करने की अनुमति दे दी।
   - **संदर्भः** वर्ग 7 की इतिहास की पाठ्यपुस्तक **'अतीत से वर्तमान भाग 2' के 'भारत में यूरोपियों का आगमन'** से जोड़कर बतायें।
4. **सालबाई की संधि–** अंग्रेजों और मराठों के बीच 1775 ई. से 1782 ई. तक संघर्ष होता रहा जिसे 'प्रथम मराठा युद्ध' कहते है। इस युद्ध का अंत 17 मई, 1782 ई. को सालबाई की संधि से हुआ था।
5. **विश्व उच्च रक्तचाप दिवस–** उच्च रक्तचाप से दुनिया के कई सारे मरीज पीड़ित हैं। विश्व का हर चौथा व्यक्ति इस समस्यसा से जुझ रहा है। रक्तचाप के प्रति लोगों में जागरूकता की कमी है। अक्सर लोग इसे हल्के में लेते हैं लेकिन उच्च रक्तचाप कई बड़ी बीमारियों को जन्म देता है। एक सामान्य व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 120/80 होता है। यदि ये 140/90 या उससे ऊपर ज्यादा है तो ऐसी स्थिति को उच्च रक्तचाप कहा जाता है। पहली बार विश्व उच्च रक्तचाप दिवस 2005 में मनाया गया था। इसकी शुरूआत वर्ल्ड हाइपरटेंशन लीग द्वारा की गई थी। वर्ष 2006 से प्रतिवर्ष 17 मई को इसे मनाया जाने लगा।

/teachersofbihar

*Madhu priya*

मधु प्रिया

# विश्व दूरसंचार दिवस 17 मई




विश्व दूरसंचार दिवस प्रत्येक वर्ष 17 मई' को मनाया जाता है। आधुनिक युग में फोन, मोबाइल और इंटरनेट लोगों की प्रथम आवश्यकता बन गया हैं। इसके बिना जीवन की कल्पना करना बहुत ही मुश्किल हो चुका है। आज यह इंसान के व्यक्तिगत जीवन से लेकर व्यावसायिक जीवन में पूरी तक प्रवेश कर चुका है। पहले जहाँ किसी से संपर्क साधने के लिए लोगों को काफ़ी मशक्कत करनी पड़ती थी, वहीं आज मोबाइल और इंटरनेट ने इसे बहुत ही आसान बना दिया है। व्यक्ति कुछ ही सेकेंड में बेहद असानी से दोस्तों, परिवार और सगे संबधियों से संपर्क कर सकता है। यह दूरसंचार की क्रांति है, जिसकी बदौलत भारत जैसे कुछ विकासशील देशों की गिनती भी विश्व के कुछ ऐसे देशों में होती है, जिनकी अर्थव्यवस्था तेज़ी से रफ्तार पकड़ रही है।17 मई 1969 को सबसे पहले इसे मनाया गया था। साल 2005 में यूनाइटेड नेशन महासभा में इसे सूचना दिवस के तौर पर घोषित किया गया था।इस दिवस को हर साल एक नई थीम के साथ मनाया जाता है ।इस वर्ष का थीम विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस 2022 की थीम " वृद्ध व्यक्तियों और स्वस्थ उम्र बढ़ने के लिए डिजिटल तकनीक " है। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय शारीरिक, भावनात्मक और वित्तीय स्तर पर स्वस्थ, जुड़े और स्वतंत्र रहने के लिए दूरसंचार और सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों (आईसीटी) के उपयोग के महत्व पर जोर देता है।

# जयंती विशेष 17 मई

राकेश कुमार



प्रसिद्ध काय चिकित्सक एवं
चेचक टीके का आविष्कार करने वाले

## एडवर्ड जेनर

**एडवर्ड जेनर** (जन्म- 17 मई, 1749; मृत्यु- 26 जनवरी, 1823) एक प्रसिद्ध कायचिकित्सक थे। विश्व में इनका नाम इसलिए भी प्रसिद्ध है कि इन्होंने 'चेचक' के टीके का आविष्कार किया था। एडवर्ड जेनर के इस आविष्कार से आज करोड़ों लोग चेचक जैसी घातक बीमारी से ठीक हो रहे हैं और अपने जीवन का आनन्द ले रहे हैं। यदि एडवर्ड जेनर नहीं होते तो आज सम्पूर्ण दुनिया के 1.5 करोड़ लोग प्रतिवर्ष सिर्फ़ 'चेचक' के द्वारा काल के ग्रास बन रहे होते।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 17.05.2024

## संगीत में मूल स्वर

भारतीय संगीत में सात स्वर (notes of the scale) हैं, जिनके नाम हैं - षड्ज, ऋषभ, गंधार, मध्यम, पंचम, धैवत व निषाद। यों तो स्वरों की कोई संख्या बतलाई ही नहीं जा सकती, परंतु फिर भी सुविधा के लिये सभी देशों और सभी कालों में सात स्वर नियत किए गए हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



भारतीय फुटबॉल टीम के स्टार खिलाड़ी और कप्तान सुनील छेत्री ने इंटरनेशनल फुटबॉल से सन्यास का ऐलान किया है। कुवैत के खिलाफ फीफा वर्ल्ड कप क्वालीफायर के बाद वह इंटरनेशनल फुटबॉल को हमेशा के अलविदा कह देंगे।

## TOB बूझो तो जानें..

404

नाम उसका उल्टा सीधा एक समान, न्याय दिलाना उसका काम, सही करे या गलत निर्णय, पर सब करते उसका सम्मान ... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 389

भारत ने ASBC ASIAN UNDER-22 और युवा मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में कुल कितने पदक जीते हैं?

A. 35 पदक

B. 43 पदक

C. 51 पदक

D. 63 पदक



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: B

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## शारीरिक शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा हेतु

## 100 प्रश्नों की शृंखला

**10.05.2024 से शुरू**

टीचर्स ऑफ बिहार का एक प्रयास अपने शिक्षकों के लिए

71. ओलम्पिक खेलों में स्विमिग पूल में कुल कितनी लेन होती हैं ? – 8
72. ओलम्पिक मशाल किस पदार्थ से प्रज्वलित की जाती है? – सूर्य किरण से
73. ओलम्पिक म्यूजियम कहाँ स्थित है? – लोसाने (स्विट्जरलैंड) में
74. 'ओलम्पिक' शब्द ओलम्पस से बना है, ओलम्पस क्या है? – यूनान का एक पर्वत
75. किसी भी विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतन वाली पहली भारतीय एथलीट कौन हैं ? – अंजू बॉबी जॉर्ज (एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में भारत की पहली कांस्य पदक विजेता)
76. भारत के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला पहलवान – साक्षी मलिक (ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में हुए 2016 ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक में कांस्य पदक जीता)
77. 'Come out and Play' किसका नारा था? – राष्ट्रमंडल खेल 2010 का
78. अंजली भागवत किस खेल से संबंधित हैं? – राइफल शूटिंग से (2002 में 10 मीटर एयर
79. 'गोल्डन गर्ल' किस भारतीय खिलाड़ी की आत्मकथा है? – पी. टी. उषा की
80. 'चाइना कप' किस खेल संबंधित है? जिमनास्टिक से





विश्व का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं जो दूरसंचार से अछूता है। देश के नित्य नई प्रगति में दूरसंचार की अहम भूमिका है।

**विश्व दूरसंचार दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं।

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से सम्मानित , प्रसिद्ध
गजल गायक, "चिट्ठी आई है " गजल से अपनी अलग पहचान बनाने वाले
पंकज उधास
की जयंती पर नमन।
17 मई 1951-26 फरवरी 2024
Madhu priya
/teachersofbihar




विश्व उच्च रक्तचाप दिवस यानी 'साइलेंट किलर' के बारे में दुनिया भर में आम लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 17 मई को  विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है।

**Madhu priya**

/teachersofbihar

17 मई 2024

Teachers of Bihar
The Change Makers

# आज का सुविचार

दुनिया अगले साल क्या करने जा रही है यह आप स्कूल में नहीं सीख सकते।

**हेनरी फोर्ड**



राकेश कुमार